RAF SECTOR
NEWS CLIP
03/12/2022

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar, Jamshedpur, (JKD)

रैफ के 106 बटालियन के स्थापना दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर

वॉलीबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम को पुरस्कार देते अतिथि।

सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन में गुरुवार को 32वां स्थापना दिवस मनाया गया। कमांडेंट निशीत कुमार के निर्देशन में सेकेंड कमांडिंग ऑफिसर शैलेंद्र कुमार, सच्चिदानंद मिश्रा समेत सभी अधिकारियों की उपस्थित में गांधी कॉम्प्लेक्स में शहीदों को श्रद्धांजलि और सम्मान दिया गया। क्वार्टर गार्ड पर गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

शैलेंद्र कुमार ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा- 1 दिसंबर को 1990 को इस बटालियन की स्थापना दीमापुर (नागालैंड) में हुई थी। बुनियादी प्रशिक्षण के बाद 22 जुलाई 1994 से यह बटालियन जमशेदपुर स्थानांतरित हुई। अब तक 14 कमांडेंट द्वारा इस बटालियन को कमांड किया गया है। इसके पहले कमांडेंट एल.एन. वैष्णव थे। स्थापना दिवस पर जवानों के बीच वॉलीबाल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

Amar Bharti, Meerut, (UP)

108 बटालियन द्रुत कार्य बल ने 32वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

अमर भारती संवाददाता, मेरठ। गुरुवार को 108 बटालियन द्रुत कार्य बल के प्रांगण में बटालियन का 32वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर श्री राजेंद्र प्रसाद कमांडेंट, 108 दुर्त कार्य बल ने सर्वप्रथम शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की ओर वाहिनी क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली। तत्पश्चात कमांडेंट 108 बटालियन द्वारा सभी अधिकारियों जवानों एवं उनके परिवारजनों को बटालियन के स्थापना दिवस के उपलक्ष में हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्रीमती नीलम बॉन्थियाल द्वितीय कमान अधिकारी ,श्री सुनील कुमार रंजन कुमार द्वितीय कमान अधिकारी ,श्री ज्ञानेंद्र सिंह उप कमांडेंट, मेरठ के मीडिया प्रभारी एवं बटालियन के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे । स्थापना दिवस के अवसर पर कमांडेंट 108 बटालियन के निर्देशन में कम परिसर में स्थित मैदान में मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बटालियन की कंपनियों ,यूनिट कैंटीन एवं कावा 108 बटालियन द्वारा विभिन्न प्रकार के खाने-पीने के स्टाल बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, खेलकूद संबंधी संसाधनों को स्थापित किया गया परिसर के नजदीक के स्कूलों के बच्चों के लिए वाहिनी द्वारा आपदा मोचन तथा आरएफ से संबंधित हथियारों एवं उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई ताकि सामान्य जनता एवं बच्चों को इसके संबंध में जानकारी मिल सके । मेले में पुलिस एवं पब्लिक के बीच में संबंध बनाए रखने हेतु परिसर के नजदीकी क्षेत्र में निवास करने वाले व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया गया।

Hindustan Prayagraj, Allahabad, (UP)

आरएएफ के स्थापना दिवस का शुभारंभ करते एडीजी प्रेम प्रकाश • सा : मीडिया सेल

आरएएफ का मनाया गया स्थापना दिवस

जासं, प्रयागराज :शांतिपुरम स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 101 वाहिनी का 32वां स्थापना दिवस समारोह एक दिसंबर से मनाया जा रहा है। दूसरे दिन कई आयोजन किए। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीजी प्रेम प्रकाश ने किया। आरएएफ की ओर से देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस दौरान लोक नृत्य डांडिया प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने अद्भुत प्रस्तुति के लिए बधाई दी। राष्ट्र सेवा में समर्पित इस बल को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर सीआरपीएफ पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव राय, ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ के पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रभाकर त्रिपाठी, वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम, एसडीएम बारा अब्दुल्ला सुदन, एसडीएम सोरांव डा. कंचन, डा. सुबोध त्रिपाठी आदि थे।

Sach India, Amir, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से स्वच्छता के लिये चलाया जागरूकता अभियान

सच मीडिया

आमेर। राजधानी जयपुर के लालवास स्थित रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया है। गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार केन्द्रिय रिजर्व पुलिस बल द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रवीण कुमार सिहं कमाण्डेन्ट 83 बटालियन द्रुत कार्य बल लालवास के मार्गदर्शन में वाहिनी के अधिकारियों और जवानों ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत द्रुत कार्य बल के जवानों द्वारा बटालियन मुख्यालय से नाई की थडी गांव तक पैदल यात्रा निकाली गई। जिसमें जवानों ने हॉर्डिग, बैनरों एवं स्वच्छता स्लोगनो के माध्यम से आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। आम लोगों को अपने घर, मौहल्ले, गॉव एवं आस पास के क्षेत्र में साफ-सफाई को बनाये रखने के साथ प्लास्टिक/ पॉलीथीन से पर्यावरण को होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया।इस अवसर पर प्रवीण कुमार सिहं कमाण्डेन्ट के साथ बटालियन के सभी राजपत्रित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिकों ने भाग लिया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।